आभास कर लिया है और वह इन कैदियों के दुख से व्याकुल हो उठी है। इसलिए वह आधी रात में ही चीख पड़ी है।

**7. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?**

**उत्तर-** कवि को कोयल से इसलिए ईर्ष्या हो रही है कि कोयल स्वतंत्र और कवि कैद है। कोयल जहाँ चाहे उड़कर जा सकती है। सारा आसमान उसके लिए खुला है। मगर कवि के पास काली टोपी, काली कम्बल और काली दीवारों वाली 10 फुट की काल कोठरी है। कवि का संसार इतना ही बड़ा है। कोयल का भाग्य कवि के भाग्य से बेहतर है।

**8. कवि के स्मृति पटल पर कोयल के गीतों की कौन सी मधुर स्मृतियाँ अंकित हैं, जिन्हें वह अब नष्ट करने पर तुली है?**

**उत्तर-** कवि के स्मृति पटल पर कोयल के जो गीत अंकित हैं वो निम्नांकित हैं-

* जब सावन की रिमझिम बारिश हो तो कोयल गान सुनाती थी।
* जब जेठ की दुपहरी में बगीचे में बैठे हों तो कोयल गान सुनाती थी।
* जब झरने इतरा कर पर्वतों से गिर रहे हों तो कोयल गान सुनाती थी।
* जब वादियों में स्वयं की आवाज़ गूँज रही हो तब कोयल गान सुनाती थी।

मगर अब, देशवासियों की हालत देखकर वो द्रवीभूत हो गई है। अब वो मधुरता के गीतों को त्याग कर विद्रोह के गीत गाना चाहती है।

**9. हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?**

**उत्तर-** हथकड़ियों को कवि गहना इसलिए कहता है क्योंकि इसे पहन कर उसे स्वतंत्रता सेनानी होने का गौरव प्राप्त होता है। वह अनुभव करता है कि उसके शरीर पर अँग्रेजों का पहनाया हुआ हथकड़ियाँ आभूषण की तरह सुसज्जित-सी लग रहा है। ये हथकड़ियाँ स्वतंत्रता सेनानी होने का प्रमाण है।

**10. 'काली तू..... ए अली!' इस काव्यांश में 'काली' शब्द की आवृत्ति से उत्पन्न चमत्कार का विवेचन कीजिए।**

**उत्तर-** इस काव्यांश में कुल नौ बार 'काली' शब्द की आवृत्ति हुई है। पहले पाँच काली शब्द का अर्थ काले रंग के रूप में हुआ है। उसके बाद के दो काली शब्द का अर्थ अन्याय के रूप में हुआ है और अंत की दो काली शब्द भयावहता को बताता है। पूरे काव्यांश में काली शब्द की इतनी बार आवृत्ति से इसके वाचन में काली शब्द की एक गूंज सी बन जाती है जो पूरे काव्यांश को एक लय में बांध देता है। इसके कारण काव्यांश की प्रभाव क्षमता अद्भुत रूप से बढ़ गई है।

**11. काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-**

**(क) किस दावानल की ज्वालाएँ हैं दिखी?**

**उत्तर-** कवि कोयल की वेदना भरी आवाज़ की अनुभूति करते हुए उससे प्रश्न करता है कि क्या तुमने ऐसा कुछ देख लिया है जिससे तुम द्रवीभूत हो गई हो? क्या तुमने जंगल में लगी आग अर्थात् देशवासियों पर होता हुआ शोषण को देख लिया है? क्या तुमने उनकी पीड़ा का आभास कर लिया है?

**(ख) तेरे गीत कहावे वाह, रोना भी है मुझे गुनाह**
**देख विषमता तेरी मेरी, बजा रही तिस पर रणभेरी!**

**उत्तर-** उक्त पंक्तियों में कवि कोयल और स्वयं के बीच के अंतर को बता रहा है। कोयल की आवाज़ को हर कोई मधुर मानता है। उसकी आवाज की हर कोई प्रशंसा करता है। परंतु इस पराधीन भारत के जेलों में कवि यदि रो भी दे तो दंडित किया जाता है। कवि और कोयल में इतनी असमानता है फिर भी कोयल यहाँ पर अपने आवाज़ से रणभेरी फूँकने का काम कर रही है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 'कैदी और कोकिला' कविता के कवि का क्या नाम है?**
a. गिरिजा कुमार माथुर
b. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
c. माखनलाल चतुर्वेदी
d. सुमित्रानंदन पंत

**2. माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कब हुआ?**
a. 1990 ई   b. 1890 ई
c. 1989 ई   d. 1889 ई

**3. माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ?**
a. मध्य प्रदेश में   b. राजस्थान में
c. पश्चिम बंगाल में   d. उत्तर प्रदेश में

**4. माखनलाल चतुर्वेदी को इनमें से क्या कहा गया है?**
a. कलाम का जादूगर   b. एक भारतीय आत्मा
c. एक भारतीय कवि   d. कलाम का सिपाही

**5. 'कैदी और कोकिला' पाठ में कौन गाती है?**
a. गायिका   b. कवि की पत्नी
c. स्वतंत्रता सेनानी की माँ   d. कोयल

**6. कवि कारागृह में कैसे लोगों के बीच है?**
a. चोरों के बीच   b. डाकुओं के बीच
c. बटमारों के बीच   d. इनमें से सभी

**7. काव्यपंक्तियों के अनुसार किस पर दिन-रात कड़ा पहरा लगा हुआ है?**
a. कवि पर
b. कोयल पर
c. कवि और कैदियों के जीवन पर
d. इनमें से कोई नहीं

**8. अँधेरी रात में कौन निराश कर गया है?**
a. कोयल   b. चंद्रमा
c. अंग्रेज   d. एक कैदी

**9. कवि ने अँग्रेजों के शासन व्यवस्था को किसके समान माना है?**
a. अंधकार के समान   b. सुबह के समान

© JCERT not to be republished

c. प्रकाश के समान d. कांटो के समान

**10. 'कालिमामयी' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**
a. भालू b. कोयल
c. कारागृह d. कैदियों का कपड़ा

**11. कवि ने अपनी कोठरी, टोपी और कंबल को किस रंग का बताया है?**
a. लाल b. हरा
c. पीला d. काला

**12. 'कैदी और कोकिला' कविता में कवि ने किसके माध्यम से अपने अंदर के विद्रोहमयी भाव को व्यक्त किया है?**
a. कौवा b. शेर
c. कोयल d. मोर

**13. काव्यपंक्तियों के अनुसार जेल में क्या नहीं मिलता है?**
a. टोपी b. पेट भर खाना
c. ओढ़ने को कंबल d. रहने के लिए कमरा

**14. कवि को कोयल की आवाज में क्या दिखाई देता है?**
a. शोषित भारतवासियों का दुख
b. कोयल का व्यक्तिगत दुख
c. अँग्रेजों का सुशासन
d. कोयल की खुशी

**15. कोल्हू के चलने की आवाज को कवि क्या मानता है?**
a. अपना दुर्भाग्य
b. अपना अपमान
c. अपने जीवन का तान
d. अँग्रेजों का अत्याचार

**16. कोयल के आधी रात में बावली हो जाने पर कवि को क्या अंदेशा होता है?**
a. शायद कोयल ने जंगल में लगी आग को देखा है
b. शायद कोयल ने कोई मादक पदार्थ का सेवन किया है
c. शायद कोयल रास्ता भूल गई है
d. इनमें से सभी

**17. कवि ने स्वतंत्रता के गान कहाँ पर लिखे हैं?**
a. दीवारों पर b. पत्थरों पर
c. अपने दिल पर d. गिट्टी पर

**18. कवि ने हथकड़ियों को क्या माना है?**
a. हथियार b. दुख का कारण
c. ब्रिटिश राज का गहना d. इनमें से सभी

**19. कोयल कहाँ बैठकर गा रही है?**
a. जेल के मुंडेर पर
b. पेड़ की डाली पर
c. कवि के घर के छत पर
d. इनमें से कोई नहीं

**20. कवि अपनी स्थिति को किसकी स्थिति से अच्छा मानता है?**
a. बाकी कैदियों की b. कोयल की
c. देशवासियों की d. इनमें से कोई नहीं

**21. कोयल के स्वर में कवि ने किसकी स्वर की कल्पना की है?**
a. भारत माता की b. अपने माता की
c. कोयल के दुख की d. इनमें से कोई नहीं

**22. कोयल की वेदनामयी आवाज कवि के हृदय में किस तरह के भाव को भरती है?**
a. उत्साह b. हास्य
c. प्रेम d. विद्रोह

**23. कविता के आधार पर बताएँ 'काली' शब्द किसका प्रतीक है?**
a. काली माँ b. काला जादू
c. निराशा और कुशासन d. इनमें से सभी

**24. कोयल का स्वर कवि को भारत माँ का स्वर प्रतीत होता है, ये कवि के अंदर के किस भावना को दर्शाता है?**
a. दुख की भावना b. देशभक्ति की भावना
c. प्रेम की भावना d. इनमें से कोई नहीं

**25. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों है?**
a. क्योंकि कोयल स्वतंत्र है
b. क्योंकि कोयल का रंग काला है
c. क्योंकि कोयल पराई दुख नहीं समझती
d. इनमें से कोई नहीं

**26. कवि ने किसके शासन की तुलना तम के गहरे प्रभाव से की है?**
a. पाकिस्तानी शासन b. मुगल शासन
c. ब्रिटिश शासन d. भारतीय शासन

**27. ब्रिटिश काल में प्राय: कौन लोग जेल में कैदी होते थे?**
a. स्वयं अँग्रेज लोग b. बाहर के आक्रमणकारी
c. अँग्रेज के हितैषी लोग d. क्रांतिकारी लोग

**28. क्रांतिकारी लोग किस उद्देश्य के तहत जेलों के कैदी बनते थे?**
a. अच्छा खाना के लिए
b. स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए
c. अँग्रेजों के अत्याचार से बचने के लिए
d. इनमें से सभी

**29. निम्न में से कौन काला रंग का है?**
a. रजनी b. शासन की करनी
c. कल्पना d. इनमें से सभी

**30. कविता में 'काली' शब्द निम्न में से किस अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ है?**
a. जादू टोना b. भयानक
c. अन्यायपूर्ण d. काला रंग

**31. आपके विचार से कोयल का स्वर कवि के लिए कैसा है?**
a. हतोत्साहित करने वाला
b. मदमस्त कर देने वाला
c. प्रेरणामयी

© JCERT not to be republished

d. शांत कर देने वाला

**32. कोयल के स्वर को 'चमकीले गीत' कहने के पीछे का आशय क्या है?**
a. गीत ओजस्वी हैं
b. गीत निराशा भरने वाला है
c. कोयल मीठा गा रही है
d. इनमें से सभी

**33. 'लौह-श्रृंखला' का क्या अर्थ है?**
a. लोहे की दीवार b. जंजीर
c. लोहे से बना हथियार d. इनमें से सभी

**34. कवि दिन-रात मेहनत करके कैसा कुआँ को खाली करता है?**
a. जो पहले से खाली है b. बहुत गहरा कुआँ
c. ब्रिटिश अकड़ का कुआँ d. ब्रिटिश काल का कुआँ

**35. कवि को 'मरने की मदमाती-सी' कौन लगती है?**
a. कोयल b. कवि की माँ
c. कवि की पत्नी d. एक कैदी की माँ

**36. कारागृह पर लगे कड़े पहरे की हुंकार कवि को कैसी अनुभूति कराती है?**
a. शेर की दहाड़ b. चीता की चीत्कार
c. सर्पिणी की फुंकार d. इनमें से सभी

**37. कवि के काल कोठरी का आकार कितना है?**
a. 20 फुट b. 10 फुट
c. 30 फुट d. 15 फुट

**38. कवि ने कहा 'मोहन के व्रत पर' इसमें मोहन से आशय है-**
a. भगत सिंह b. सुभाष चंद्र बोस
c. बाल गंगाधर तिलक d. महात्मा गाँधी

**39. 'विषमता' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?**
a. विष से भरा हुआ b. समता
c. क्षमता d. विवशता

**40. निम्न में से कौन चंद्रमा का पर्यायवाची नहीं है?**
a. रवि b. शशि
c. हिमकर d. राकेश

**41. निम्न में से कौन वेदना का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**
a. दुःख b. पीड़ा
c. करुणा d. हर्ष

**42. कोयल किस समय बावली हो जाती है?**
a. दोपहर में b. सुबह सुबह
c. आधी रात में d. शाम के समय

**43. 'मृदुल वैभव की रखवाली सी' मे कौन सा अलंकार है?**
a. उत्प्रेक्षा b. यमक
c. अनुप्रास d. उपमा

**44. 'विद्रोह बीज' में कौन सा अलंकार है?**
a. उत्प्रेक्षा b. रूपक
c. अनुप्रास d. उपमा

**45. 'मेरी काल कोठरी काली' में कौन सा अलंकार है?**
a. उत्प्रेक्षा b. रूपक
c. अनुप्रास d. उपमा

**46. निम्न में से किसमें रूपक अलंकार का प्रयोग हुआ है?**
a. इस काले संकट-सागर पर
b. अपने चमकीले गीतों को
c. टोपी काली कमली काली
d. कोल्हो का चरक चो

**47. इनमें से कौन रात्रि का पर्यायवाची नहीं है?**
a. रजनी b. निशा
c. रैन d. दिवा

**48. 'टोपी काली, कमली काली' पंक्ति में संज्ञा शब्द छांटिए।**
a. टोपी b. कमली
c. काली d. a और b दोनों

**49. माखनलाल चतुर्वेदी ने निम्न में से किस पत्रिका का संपादन नहीं किया?**
a. कर्मवीर b. हंस
c. प्रभा d. प्रताप

**50. निम्न में से कौन सा पुरस्कार से माखनलाल चतुर्वेदी को पुरस्कृत किया गया?**
a. साहित्य अकादमी b. पद्म भूषण
c. a और b दोनों d. इनमें से कोई नहीं

**51. विगत वर्ष अर्थात् कक्षा आठवीं में आपने माखनलाल चतुर्वेदी की कौन-सी कविता पढ़ी है?**
a. पथ की पहचान b. तुझे कुछ और भी दूँ
c. पुष्प की अभिलाषा d. डायन एक अंधविश्वास

**52. कविता में कोयल को निम्न में से क्या नहीं कहा गया है?**
a. बहलाने वाली b. बावली
c. आली d. वेदना बोझ वाली सी

**53. कवि किसके व्रत पर लोगों में प्राणों का आसव भरना चाहता है?**
a. अपनी पत्नी के व्रत पर
b. महात्मा गाँधी के व्रत पर
c. स्वतंत्रता सेनानियों के व्रत पर
d. इनमें से कोई नहीं

**54. कारागृह में रहकर रोना कवि के लिए किसके समान है?**
a. अपमान b. गुनाह
c. दुर्भाग्य d. इनमें से कोई नहीं

**पंक्ति को पूर्ण करें-**

**55. डाकू, चोरों, बटमारों के______**
a. डेरे में b. घेरे में
c. कड़ा पहरा d. इनमें से कोई नहीं

**56. इस समय_______ जगी क्यों आली**
a. कोयल b. कोकिल

© JCERT not to be republished

c. कलिमामयी d. आली

**57. मृदुल वैभव की _______**

a. बावली b. वेदना बोझ वाली से

c. रुलाने वाले से d. रखवाली सी

**58. गिट्टी पर उंगलियां ने लिखे_______**

a. कविता b. गान

c. राष्ट्रगान d. लेख

**59. इसलिए रात में_______ ढा रही आली**

a. चुपचाप b. करुणा

c. गजब d. इनमें से कोई नहीं

**60. इस काले संकट-सागर पर मरने को________**

a. मदमाती b. क्यों आती

c. तैयार d. मजबूर

**61. 'अपने चमकीले गीतों को' रेखांकित शब्द है-**

a. क्रिया b. क्रिया विशेषण

c. संज्ञा d. विशेषण

**62. निम्न में से 'नसीब' शब्द का अर्थ होता है-**

a. भाग्य b. किस्मत

c. नियति d. इनमें से सभी

**63. 'चिखी' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा हुआ है?**

a. ई b. इ

c. आई d. आइ

**64. तीस पर गाली ए आली! रेखांकित पद है-**

a. क्रिया विशेषण b. विशेषण

c. समुच्चय बोधक d. विसमय बोधक

**65. 'देख विषमता तेरी-मेरी' रेखांकित पद में कौन-सा समास है?**

a द्वंद्व b. बहुव्रीहि

c. कर्मधारय d. तत्पुरुष

**66. 'प्रभाव' शब्द में कौन-सा प्रत्यय जोड़ा जा सकता है?**

a. ई b. इत

c. a और b दोनों d. इनमें से कोई नहीं

**67. 'प्रभाव' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है?**

a. प्र b. प्रभा

c. प् d. प

**68. 'अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो? कोकिल बोलो तो!' प्रस्तुत पंक्ति में किस चिन्ह का प्रयोग नहीं हुआ है?**

a. प्रश्न चिन्ह b. पूर्ण विराम

c. अर्ध विराम d. विस्म्यादिबोधक

**69. कवि और कोयल में इतनी विषमता है फिर भी कोयल क्या बजा रही है?**

a. थाली b. जेल का छप्पर

c. रणभेरी d. पंख

**70. 'मृदुल' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद क्या है?**

a. म+रि+द्+उ+ल्+अ

b. म्+ऋ+द्+उ+ल्+अ

c. म+ऋ+

d. इनमें से कोई नहीं

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. c, | 11. d, | 21. a, | 31. c, | 41.d, | 51. c, | 61. d, |
| 2. d, | 12. c, | 22. d, | 32. a, | 42.c, | 52. a, | 62. d, |
| 3. a, | 13. b, | 23. c, | 33. b, | 43.d, | 53. b, | 63. a, |
| 4. b, | 14. a, | 24. b, | 34. c, | 44.b, | 54. b, | 64. d, |
| 5. d, | 15. c, | 25. a, | 35. a, | 45.c, | 55. a, | 65. a, |
| 6. d, | 16. a, | 26. c, | 36. c, | 46.a, | 56. c, | 66. c, |
| 7. c, | 17. d, | 27. d, | 37. b, | 47.d, | 57. d, | 67. a, |
| 8. b, | 18. c, | 28. b, | 38. d, | 48.d, | 58. b, | 68. b, |
| 9. a, | 19. a, | 29. d, | 39. b, | 49.b, | 59. c, | 69. c, |
| 10.b, | 20. b, | 30. a, | 40. a, | 50.c, | 60. a, | 70. b |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. 'ऊँची काली दीवारों पर' कहने का क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर-** सीधा अर्थ तो यह है कि जेल की दीवार ऊँची और काले रंग की थी। परंतु संकेतार्थ में कवि ने जेल के निराशाजनक और अन्यायपूर्ण वातावरण को व्यक्त किया है।

**2. कवि ने कोयल की आवाज़ को 'हूक' क्यों कहा होगा?**

**उत्तर-** कवि को कोयल की आवाज़ में दुख और वेदना की अनुभूति हो रही थी। इसलिए कवि ने इस आवाज़ को 'हूक' कहा है।

**3. 'दावानल की ज्वालाएँ' से अभिप्राय है-**

**उत्तर-** दावानल की ज्वालाएं' का अर्थ है-जंगल में लगी आग की चिंगारियाँ। परंतु काव्यांश में इसका आशय है-बहुत भारी दुख!

**4. हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?**

**उत्तर-** पराधीन भारत में हथकड़ियाँ पहनना स्वतंत्रता सेनानियों के लिए गर्व की बात होती थी। यह उनके लिए एक प्रमाण-सा था कि वो भी स्वाधीनता संग्राम का हिस्सा हैं।

**5. इन काली चीजों से कैसा वातावरण निर्मित हो रहा है?**

**उत्तर-** इन काली चीजों के कारण अंधकारमय, निराशाजनक और अन्याय की भयावह स्थिति का वातावरण निर्मित हो रहा है।

**6. कवि और कोयल के संसार में कोई एक अंतर बताइए।**

**उत्तर-** कोयल के लिए खुला आकाश है वह जहाँ चाहे जा सकती है और कवि के लिए केवल 10 फुट का काली दीवारों से बना कमरा है। पाठ के अनुसार दोनों में यही अंतर है।

**7. 'मोहन के व्रत पर' कहने का क्या आशय है?**

**उत्तर-** कवि इस पंक्ति के माध्यम से गाँधी जी के द्वारा चलाए गए स्वतंत्रता आंदोलनों की ओर ध्यान ले जाना चाहता

है।

**8. 'नभ-भर का संचार' से कवि का क्या आशय है?**

**उत्तर-** कवि कोयल की स्वतंत्रता की बात कर रहा है। गौण अर्थ में, वह अपनी पराधीनता की ओर संकेत कर रहा है।

**9. कोयल के हुंकार पर कवि क्या करना चाहता है?**

**उत्तर-** कोयल के हुंकार से प्रेरित होकर कवि कुछ और ऐसी देशभक्तिपरक रचनाएं प्रस्तुत करना चाहता है।

**10. कोयल किस समय चीख उठी थी?**

**उत्तर-** कोयल सन्नाटे के समय आधी रात में चीख उठी थी।

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. कवि ने कोयल को 'मृदुल वैभव की रखवाली-सी' क्यों कहा है?**

**उत्तर-** क्योंकि कोयल मधुर आवाज की मल्लिका है। उसकी आवाज़ सुनकर लोग मधुरतम अनुभूति में खो जाते हैं। कोयल अपनी आवाज़ से इस माधुर्यता और सरसता की रक्षा करती है। इसलिए कवि ने कोयल को 'मृदुल वैभव की रखवाली-सी' कहा है।

**2. कवि को किस कारण कारागृह में जाना पड़ा है और उसे वहां किस प्रकार की यातनाएं दी जा रही है?**

**उत्तर-** कवि एक स्वतंत्रता सेनानी है। ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध कार्य करके उसे जेल में जाना पड़ा है। जेल में कवि को भूखे पेट रखकर उससे मोट खिंचवाया जा रहा है, गिट्टियों पर काम कराया जा रहा है और कोल्हू को चलवाया जा रहा है।

**3. कवि ने कोकिल के स्वर को 'चमकीले गीत' क्यों कहा है?**

**उत्तर-** कोकिल का स्वर कवि को बहुत प्रेरित कर रहा है। उसके स्वर देशभक्ति की भावना से सिक्त हैं। उसके स्वर में विद्रोह का बीज और आहवान है। इसलिए कवि कोकिल के स्वर को चमकीले गीत कह रहा है।

**4. पाठ के आधार पर बताइए कि कवि गाँधी जी से प्रेरित है।**

**उत्तर-** कविता के अंतिम पंक्तियों में कवि ने महात्मा गाँधी को याद करते हुए लिखा है-

'मोहन के व्रत पर,

प्राणों का आसव किस में भर दूँ!'

इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि कवि गाँधी जी से प्रेरित है।

**5. कोकिल और कवि में क्या समानता है?**

**उत्तर-** कोकिल के कातर स्वर में पराधीनता की पीड़ा को अनुभव किया जा सकता है। यही दुख कवि के हृदय में है जिससे कवि दुखित है। कोकिल और कवि दोनों ही स्वतंत्रता के लिए लालायित हैं। दोनों में यही समानता है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. कवि ने कोकिला के स्वर में क्या-क्या कल्पनाएँ की हैं अपने शब्दों में बताएँ।**

**उत्तर-** कोयल के स्वर में कवि ने निम्न कल्पनाएँ की हैं-

* कोयल का स्वर करुणा से भरी हुई है, यह रुलाने वाली और गजब ढाने वाली है।
* उसकी आवाज में कोई संदेश सा प्रतीत होता है
* वह भी बाकी चीजों की तरह कालिमामयी है अर्थात् वह भी दुखी है।
* उसके स्वर में वेदना से बोझिल हृदय के दर्शन होते हैं
* स्वर सुनकर कभी लगता है वह पागल हो गई है और मरने को आतुर है
* कभी लगता है हम कैदियों के जलते हृदय को उसने देख लिया है।
* अंधकार को वेधकर जैसे विद्रोह रूपी बीज का रोपण करना चाहती है।
* कभी उसके गीत चमकीले लगते हैं अर्थात् उम्मीदों से भरी कल्पनाएँ उसके स्वर में दिखती है।
* कभी उसका स्वर रणभेरी-सा लगता है।

**2. पाठ के आधार पर बताइए की ब्रिटिश शासन में भारतवासियों की क्या स्थिति थी और इससे निकलने के लिए वह किस तरह से प्रयासरत थे?**

**उत्तर-** ब्रिटिश शासन काल में भारतीयों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। चाहे जेल के अंदर हो या बाहर हर जगह पर अँग्रेजों के अत्याचार का साया पसरा हुआ था। हम भारतवासी अपनी मर्ज़ी से कुछ भी नहीं कर सकते थे। अँग्रेज़ हमसे मनचाहा काम कराते थे और ना करने पर हमें दंडित करते थे। हमारे बच्चों, महिलाओं और किशोरियों पर हर तरह के अत्याचार करते थे। चाहे शारीरिक हो या मानसिक, ब्रिटिश शासन काल में हर भारतीय परेशान था। ऐसी आतंकपूर्ण एवं दर्दनाक स्थिति से निकलने के लिए भारतीयों ने अँग्रेजों का विरोध शुरू कर दिया। फिर एक के बाद एक कई महत्वपूर्ण आंदोलन हुए और हर आंदोलन से अंग्रेजों की हिम्मत थोड़ी-थोड़ी कम होती गई। इस प्रकार भारतवासी अँग्रेजों के अन्यायपूर्ण शासन व्यवस्था के खिलाफ अंत तक डटे रहे।

© JCERT not to be republished

| पाठ -13 | ग्राम श्री |
|---|---|

## कवि परिचय

### सुमित्रानंदन पंत

**जन्म :-** 1900 ई०

**स्थान :-** उत्तरांचल

**मृत्यु :-** 1977 ई०

**रचनाएँ :-** वीणा, ग्रंथि, गुंजन, ग्राम्या, पल्लव आदि।

**पुरस्कार :-** साहित्य अकादमी, भारतीय ज्ञानपीठ, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार।

**भाषा :-** हिंदी

## पाठ परिचय-

'ग्राम श्री' कविता में सुमित्रानंदन पंत ने गाँव की प्राकृतिक सुंदरता का बड़ा ही सुंदर चित्रण किया है। गंगा नदी के किनारे वाले खेत में दूर तक फैली लहलहाती फसलें, फलों से लदी पेड़ों की डालियाँ कवि के मन को बहुत हर्षित करते हैं।

## पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. कवि ने गाँव को 'हरता जन मन' क्यों कहा है?**

**उत्तर-** कवि ने गाँव को 'हरता जन मन' इसलिए कहा है क्योंकि उसकी सुंदरता अद्भुत है। गंगा नदी के किनारे के खेतों में दूर-दूर तक हरियाली मखमल के जैसी फैली हुई है, खेतों में फैली हरियाली पर जब सूरज की किरणें पड़ती है, तो धरती प्रसन्न दिखाई देती है। इन खेतों में गेहूँ, जौ, अरहर, सनई, सरसों की फसलें उग आई है। विभिन्न प्रकार के फूलों पर रंगीन तितलियाँ मंडरा रही है। आम, बेर, आड़, अनार आदि फल वृक्षों पर लग गए हैं। आलू, गोभी, बैंगन, मूली, पालक, लौकी, टमाटर, सेम, मिर्च आदि खूब फलने लगी हैं। गँगा नदी के किनारे तरबूज भी लगाए गए हैं। पक्षी घूम रहे हैं। यह दृश्य बड़े ही प्यारे और मनमोहक लग रहे हैं।

**2. कविता में किस मौसम के सौंदर्य का वर्णन है?**

**उत्तर-** कविता में वसंत ऋतु के सौंदर्य का वर्णन किया गया है। वसंत ऋतु पतझड़ वाला मौसम होता है। इस मौसम में पुराने पत्ते झड़ जाते हैं और नए पत्ते व फल-फूल निकल आते हैं। सब्जियाँ भी फलने-फूलने लगती हैं।

**3. गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है ?**

**उत्तर-** मरकत एक 'पन्ना' नाम का रत्न होता है। जिसका रंग हरा होता है। मरकत रत्न के हरे रंग की तुलना गाँव में फैली हरियाली से की गई है। गाँव की हरियाली और यहाँ का सुंदर वातावरण मरकत के खुले डिब्बे के समान हरा भरा सुंदर और खुला हुआ सा लगता है इसलिए कवि गाँव को मरकत डिब्बे सा खुला संबोधित किया गया है।

**4. अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं?**

**उत्तर-** अरहर और सनई के सुनहरे खेतों को देखकर कवि को ऐसा लगता है जैसे धरती ने अपनी कमर पर सुनहरे रंग की घुंघरूओं वाली करधनी पहन रखी है। अर्थात अरहर और सनई पर सुनहरे रंग की फलियाँ उग आई है।

**5. भाव स्पष्ट कीजिए -**

**(क) बालू के सांपों से अंकित गंगा की सतरंगी रेती।**

**उत्तर-** प्रस्तुत पंक्तियों में गंगा नदी के तट की रेत को सतरंगी कहा गया है। रेत पर टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएँ जो सूर्य के प्रकाश पड़ने के कारण टेढ़ी चाल चलने वाले साँपों के समान लगती है।

**(ख) हँसमुख हरियाली हिम-आतप सुख से अलसाए- से सोए।**

**उत्तर-** इन पंक्तियों में गाँव की हरियाली का सुंदर वर्णन किया गया है। गाँव की हरियाली पर सूर्य प्रकाश पड़ने के कारण वह हँसमुख सी मालूम होती है सर्दी की धूप भी खिली-खिली लग रही है और ऐसा लग रहा है कि मानो आलस्य से दोनों सो रहे हैं।

**6. निम्न पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?**

**तिनको के हरे-हरे तन पर हिल हरित रुधिर है रहा झलक।**

**उत्तर-** तिनको के तन पर- मानवीकरण अलंकार

हरे-हरे- पुनरुक्ति अलंकार

हिल हरित- अनुप्रास अलंकार।

**7. इस कविता में जिस गाँव का चित्रण हुआ है वह भारत के किस भूभाग पर स्थित है?**

**उत्तर-** इस कविता में गंगा नदी के तट पर बसे गाँव का चित्रण किया गया है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. खेतों में दूर तक क्या फैली हुई है ?**

a. कोमल हरियाली b. मखमल
c. दानें d. सामान

**2. सूर्य की किरणें किस पर पड़ रही हैं ?**

a. हरियाली b. लोगों
c. वृक्ष d. जानवर

**3. तिनको के तन कैसे थे?**

a. पीले b. हरे-हरे
c. सफेद d. काले

**4. 'रुधिर' का क्या अर्थ है?**

a. पानी b. रक्त
c. तेल d. दूध